डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, वेलचेरी, चेन्नई - 42

शिक्षक दिवस समारोह - 2021-22

आसमान की बुलंदियों को अगर छूना होगा,

तो गुरू की चरण धूलि के आगे तुझे नतमस्तक होना होगा ।

शिक्षा मानव के सर्वांगीण विकास का मूलाधार है। शैक्षिकता की इसी गरिमा को अपने आँचल में समेटे हुए डी. ए. वी. पब्लिक स्कूल की चेन्नई शाखा क्षितिज तक इसके प्रकाश को फैलाने के लिए वचनबृद्ध रही है। इसी लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए दिनांक 04.09.21 को विद्यालय में आभासी शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बारहवीं कक्षा के छात्र द्वारा उच्चारित श्लोक के साथ हुआ, जिसमें गुरू की महानता को वर्णित किया गया था। इसके उपरांत सीनियर कक्षा की अध्यापिकाओं द्वारा प्रस्तुत हिन्दी गायन ईश्वरीय शक्ति की महिमा को मुखरित करता हुआ प्रतीत हुआ। अगली कड़ी के अंतर्गत डी. ए. वी. के पूर्व शिक्षिकाओं एवं अभिभावकों ने अपने अनुभवों को अभिव्यक्त किया। स्कूल की प्रधानाचार्या विद्यालय की मार्गदर्शिका होती है। उनके कार्यों को उजागर करती हुई एक कविता कक्षा छठी की छात्रा द्वारा प्रस्तुत की गई। शिक्षा का स्वरूप दशक पर दशक बदलकर नए आयामों को छूता रहा है। आज के विद्यार्थी भविष्य के निर्माता हैं। कक्षा ग्यारहवीं के विद्यार्थियों द्वारा शिक्षक गतिविधियों को बड़े ही रोचक एवं हास्यपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया। गीत और नृत्य कार्यक्रम में अलग ही समाँ बाँध देते हैं। शारीरिक और मानसिक शांति भी इन दोनों से सहज ही प्राप्त हो जाती है। इस तथ्य को सार्थक कर दिखाया कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों ने। उनके भावों की अभिव्यक्ति स्पष्ट रूप से दृष्टिगोचर हुई। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। शांति जीवन का मुख्य केन्द्र बिंदु है। इसी तथ्य की सार्थकता हेतु शांति पाठ किया गया। अंत में प्रधानाचार्या जी ने अपने अमूल्य विचारों से अवगत कराया। संपूर्ण कार्यक्रम बड़े ही मनोरंजन एवं विविधता पूर्ण रहा।

डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, वेलचेरी, चेन्नई - 42

शिक्षक दिवस समारोह - 2021-22



मंत्रोच्चार करते हुए विद्यार्थीवृंद



शिक्षक और विद्यार्थियों द्वारा विचार प्रस्तुति

विद्यार्थियों द्वारा कलात्मक अभिव्यक्ति

विभिन्न वाद्ययंत्रों द्वारा संगीतमय प्रस्तुति